आ जाओ बाबा श्याम तेरा दास पुकारे | By Amar - Akash

आ जाओ बाबा श्याम तेरा दास पुकारे
मेरी सुन लो करुण पुकार तेरा दास पुकारे
आ जाओ बाबा श्याम.....

हारे का सहारा तू है आज मैं हारा हूँ
मुझे भी सम्भालो बाबा दास मैं तुम्हारा हूँ
मेरी हार ना होगी आज मेरा विश्वास पुकारे
आ जाओ बाबा श्याम.....

जो भी आये द्वार तेरे ज़माने से हार के
जीत होती जग में मिलते सुख संसार के
ये झूठा है संसार सच्चे श्याम हमारे
आ जाओ बाबा श्याम.....

नज़र को अमर आकाश की एक तू ही भाया है
मन में मेरे सांवरे तू ही तू समाया है
मेरा रोम रोम मेरे श्याम मेरी हर सांस पुकारे
आ जाओ बाबा श्याम.....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86-%e0%a4%9c%e0%a4%be%e0%a4%93-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a4%be%e0%a4%b8-%e0%a4%aa/